हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 जुलाई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 लूट सको तो लूट, जतारा रजिस्ट्री दफ्तर में ...

07 चकबमूलिया तक पहुंची सपनों की रेल, मंजिल फिर...

खबर संक्षेप

सांदीपनि विद्यालय रहली के सर्व सुविधा युक्त भवन का लोकार्पण आज

रहली। शासकीय सांदीपनि विद्यालय के बहुप्रतिक्षित सर्व सुविधा युक्त भवन का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका परिषद रहली के अध्यक्ष देवराज सोनी की अध्यक्षता में होने जा रहा है। संदीपनि विद्यालय के नवीन, आधुनिक एवं सर्व सुविधा युक्त भवन की लागत 37 करोड़ 27 लाख है जिसमें आधुनिक प्रयोग शालाएं, आधुनिक पुस्तकालय, प्ले एरिया, संगीत, नृत्य शिक्षक, योग ध्यान शिक्षक अटल टिंकरिंग लैब, आधुनिक वतानुकूलित मीटिंग हॉल, डाइनिंग हॉल, आउटडोर प्ले सामग्री, स्मार्ट बोर्ड क्लासरूम, आधुनिक फर्नीचर सहित समस्त आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। संस्था प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे द्वारा समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों गणमान्य व्यक्तियों, सहित जनता जनार्दन से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गयी है।

तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई, मालथौन अस्पताल का औचक निरीक्षण

18 को खुरई में 1.20 लाख पौधे रोपने की तैयारी, 20 जुलाई को निकलेंगी नशामुक्ति रैलियां: भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खुरई विधानसभा क्षेत्र में 18 जुलाई को एक ही दिन में 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके दो दिन बाद 20 जुलाई को पूरे विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नशे से दूरी है जरूरी जनजागरण अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के सभी नगरीय निकायों व ग्राम पंचायत स्तरों पर जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने यहां आयोजित तैयारियों की समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नशामुक्त समाज का निर्माण दोनों ही भविष्य की पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन से जुड़े विषय हैं। इसलिए इन अभियानों को केवल सरकारी कार्यक्रम न मानकर जनआंदोलन के रूप में सफल बनाया जाए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से दोनों अभियानों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष खुरई विधानसभा क्षेत्र में एक ही दिन में लगभग 65 हजार पौधों का रोपण किया गया था, जिसके लिए क्षेत्र की चारों नगर परिषदों को राज्य शासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस वर्ष लक्ष्य बढ़ाकर 1 लाख 20 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि जीवन, जल, वर्षा, जैव विविधता और मानव अस्तित्व के आधार हैं। भारतीय संस्कृति में भी वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। इसलिए पौधारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण को भी जनभागीदारी का अभियान बनाया जाएगा। बैठक में एसडीएम मनोज चैरसिया ने बताया कि 18 जुलाई के पौधरोपण अभियान के लिए सभी विभागों द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मालथौन, बांदरी एवं बरोदिया कलां नगर परिषदों में लगभग 38 हजार पौधे लगाए जाएंगे, जबकि जनपद पंचायत क्षेत्र में 19 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग, पुलिस, कृषि उपज मंडी, स्वास्थ्य विभाग, एसडीएम एवं तहसील कार्यालय सहित विभिन्न विभागों को लक्ष्य आवंटित किए गए हैं। केवल मालथौन तहसील क्षेत्र में लगभग 60 हजार पौधे लगाए जाएंगे। पूरे विधानसभा क्षेत्र को 30 सेक्टरों में विभाजित कर प्रत्येक सेक्टर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं तथा पौधों की उपलब्धता, गड्ढों की तैयारी और जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियां तय कर दी गई हैं।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत 20 जुलाई को विधानसभा क्षेत्र के सभी नगरों और ग्राम पंचायतों में जनजागरण रैलियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इसलिए माता-पिता, शिक्षक, सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि एवं युवा मिलकर इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दें। उन्होंने सभी विभागों को अनिवार्य रूप से नशा विरोधी रैलियों में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बड़ी धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा, छप्पन भोग और मालपुआ किए अर्पित

गढ़ाकोटा। देश-प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाली सागर जिले के गढ़ाकोटा की भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। संपूर्ण नगर दुल्हन कि तरह सजा था। रथ यात्रा के पहले तीनों रथों की मरम्मत,वार्निश की गई। साथ ही भगवान को छप्पन प्रकार के भोग लगाएं गए ओर मालपुआ तैयार किये गये। परंपरानुसार भगवान के स्वास्थ्य हो जाने पर रात में छप्पन भोग ठीक 12 बजे महाआरती व कीर्तन का आयोजन किया गया। सिद्ध क्षेत्र पटेरिया स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की परंपरागत तरीके से रथ यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसमें पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मनोज तिवारी सहित हजारों की संख्या में भक्त शामिल हुए। तीनों रथों पर अलग-अलग विराजमान होकर बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ स्वामी नगर भ्रमण पर निकले। यात्रा रूई बाजार पहुंचने पर परंपरानुसार नगर के बाजार वार्ड स्थित लम्बरदार परिवार से जगदीश नायक के व परिजनो में के.के नायक, मुकेश नायक,र ाकेश नायक, विनीत नायक के द्वारा गाजे बाजे और आतिशबाजी से भगवान कि आगवानी की गई। जनकपुरी पहुंचने पर आरती के बाद भगवान को विराजमान किया गया। जहां जनकपुरी मंदिर पुजारी पं पुरसोत्तम शास्त्री उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर महंत श्री हरिदास जी ने बताया कि करीब ढाई सौ सालों से भी अधिक लगातार यह धार्मिक आयोजन चल रहा है। यहां बता दें की यात्रा 3 अगस्त सावन के पहले सोमवार तक यहां रूककर भगवान वापिस सिद्ध क्षेत्र जगदीश मंदिर पटेरिया जायेंगे। गढ़ाकोटा की भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा एक प्राचीन और प्रसिद्ध आयोजन है, जिसमें हजारों की संख्या में भक्त शामिल होते हैं। भगवान जगन्नाथ स्वामी की कृपा और आशीर्वाद से सभी लोगों को लाभ मिलता है।

रहली में रथ पर सवार होकर निकले जगत के नाथ जगन्नाथ

रहली। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर समूचा रहली नगर 'जय जगदीश' के भक्ति मय उद्घोषों से गुंजायमान हो उठा। नगर के दो ऐतिहासिक मंदिरों बजरिया स्थित देवलिया मंदिर और वार्ड क्रमांक 10 स्थित जगदीश मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्राएं अत्यंत धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गईं। रथों पर विशेष रूप से विराजमान होकर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले। देवलिया मंदिर में सुबह की पावन बेला में भगवान जगन्नाथ स्वामी का पवित्र नदियों के जल और दूध से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाअभिषेक किया गया। इसके बाद पूजा-अर्चना कर महाआरती की गई और भगवान को पारंपरिक मालपुओं का भोग लगाया गया।दोपहर बाद, गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलदाऊ को सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया। देवलिया मंदिर से शुरू हुई यह भव्य रथयात्रा बजरिया, बस स्टैंड और चांदपुर तिराहा होते हुए राव मार्केट स्थित 'देव सत्यनारायण मंदिर' पहुंची। राव मार्केट पहुंचने पर सत्यनारायण समिति के सदस्यों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने पलक-पावड़े बिछाकर रथयात्रा की जोरदार अगवानी की और आरती उतारी। इस दौरान देव सीताराम न्यास के अध्यक्ष पंडित सुशील हजारी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सराफ, लक्ष्मी प्रसाद उपाध्याय, सौरभ हजारी, विजय तिवारी, नरेंद्र तिवारी, गुड्डू श्रीवास्तव, मूलचंद्र गोस्वामी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य नागरिक भक्तिभाव से झूमते नजर आए। इसी कड़ी में दूसरी मुख्य रथयात्रा वार्ड क्रमांक 10 स्थित ऐतिहासिक जगदीश मंदिर से पूरी भव्यता के साथ निकाली गई। यह रथयात्रा भी नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए 'पटैरिया जी मंदिर' पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने घरों के बाहर आकर रथ पर पुष्पवर्षा की। पटैरिया जी मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान की सामूहिक आरती उतारी गई और महाप्रसाद का वितरण किया गया। दोनों ही रथयात्राओं में उमड़े जनसैलाब और भक्तिमय भजनों ने पूरे रहली नगर को जगन्नाथपुरी के रंग में सराबोर कर दिया।

पदोन्नति होने पर शिक्षकों ने किया सम्मान

गढ़ाकोटा। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ाकोटा में पदस्थ संजय लहरिया का सहायक ग्रेड 2 से लेखापाल एवं अंकित जैन सहायक ग्रेड 3 से सहायक ग्रेड 2 पर पदोन्नति होने पर संस्था में पदस्थ शिक्षकों ने फूलमाला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मान किया। स्वागत कार्यक्रम में प्राचार्य अनुज पटेल, व्याख्याता शंकर लाल कोरी, आरके मिश्रा, यशवंत लंबरदार शिक्षक, संतोष कुर्मी, राजा पटेल, ईस्सू कोरी, मुन्नालाल पटेल, प्रकाश पटेल, विनोद नामदेव, शरद साहू, नीता राय सहित सभी शिक्षकों ने बधाई दी।

विधायक शैलेन्द्र जैन के जन्म दिन पर रक्तदान के लिए उमड़ी युवाओं की टोली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन एवं लीगल राइट्स काउंसिल ऑफ इंडिया की प्रदेश अध्यक्ष अनुश्री शैलेन्द्र कुमार जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर श्याम तिवारी, शहडोल संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, देवरी के वरिष्ठ समाज सेवी अलकेश जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मेघा दुबे सहित 53 युवाओं व बहिनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया तथा कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है। समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

शिविर में भाग्योदय तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट, सागर की चिकित्सकीय टीम ने रक्त संग्रह की व्यवस्था संभाली। डॉ. ऋषभ जैन, नीरज जैन, रक्तवीर समीर जैन, पवन जैन, रविकांत जैन, भूपेंद्र पटेल, ओम गर्ग, कृष्णवीर मिश्रा, बंधन पटेल, घनश्याम, देवेंद्र, पूजा, राजा, शिफा, राजश्री, नमिता, दीपक प्रजापति, राजू पटेल सहित पूरी टीम ने रक्तदाताओं का वजन, रक्तचाप एवं अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कर अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में आठ बेड की व्यवस्था की गई थी तथा रक्तदाताओं के लिए मौसम के अनुरूप पेय एवं पौष्टिक अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अंत में विधायक शैलेन्द्र जैन ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सेवा भाव की सराहना की।

आबकारी अमले ने की शहरी क्षेत्र में गश्त एवं सघन जांच, अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई

सागर। सहायक आबकारी आयुक्त के निर्देशन में आबकारी अमले द्वारा बहेरिया तिगड्डा, मकरोनिया, पटकुई एवं गोपालगंज क्षेत्र में शहरी गश्त एवं सघन जांच अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान अवैध मदिरा के संग्रहण, विक्रय एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरापान के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए 'मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत 4 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें कुल 5.04 बल्क लीटर मदिरा जप्त की गई। इसके अतिरिक्त कंपोजिट मदिरा दुकान बहेरिया, पटकुई एवं गोपालगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में संबंधित अनुज्ञापियों के विरुद्ध विभागीय प्रकरण कायम किए गए।

शहर कांग्रेस ने खैर माई की रथयात्रा का स्वागत कर फल प्रसादी का वितरण कर शहर की खुशहाली की कामना की

सागर। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में शहर के वरिष्ठ कांग्रेसियों की उपस्थिति में खैर माई माता मंदिर से निकाली जा रही विशाल रथ यात्रा का स्वागत कर फल प्रसादी का वितरण किया । इसके पूर्व जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष महेश जाटव व अन्य कांग्रेस जनों ने बकरों द्वारा माता के खींचें जा रहे रथ को हाथ लगाकर रथ को आगे मनोकामना पूर्ति हेतु रवाना किया। महेश जाटव ने बताया कि यह रथ यात्रा प्रत्येक तीन वर्ष में निकाली जाती है जिसमें बड़ी संख्या में बैंड, पार्टी, धमाल, डीजे, शेर नृत्य के साथ माता के रथ को बकरों द्वारा खीचा जाता है। रथ यात्रा में महेश जाटव व वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने रथ पर विराजमान माता को नमन कर शहर की खुशहाली की कामना की। इस दिन लोग अपने उपर आ रही विघ्न बाधाओ को दूर करने नींबू से उतारा भी करते हैं माता का आशीष लेने दूर दूर से मनोकामना पूर्ति के लिए श्रद्धालु आते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, रामकुमार पचौरी, सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हेमराज रजक, वीरेंद्र राजे, आनंद हेला, शैलेंद्र तोमर, राहुल चौबे, कमलेश तिवारी, अवधेश तोमर ,रोशनी वसीम खान, दीनदयाल तिवारी, सुनील पाहवा, महेश अहिरवार, भैय्यन पटेल, गंगाराम अहिरवार, मिट्ठू चौधरी, कुंजी लाडिया, महेश यादव, मानसिंह चौधरी, रजिया खान, गंगाराम चौधरी, कल्लू गुप्ता उपस्थित थे।

तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा की मुहूर्त एवं शंखनाद बैठक आज

सागर। तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के संयोजक हरिराम सिंह ठाकुर एवं अध्यक्ष प्रदीप राजौरिया ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कावड़ यात्रा की मुहूर्त एवं शंखनाद बैठक 17 जुलाई शुक्रवार, दोपहर 3:00 बजे बड़ा बाजार स्थित श्री देव रामबाण मंदिर परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक रामबाण मंदिर के महंत पूज्य श्री घनश्याम दास जी महाराज एवं महंत पूज्य श्री केशव गिरी जी महाराज के पावन मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में संपन्न होगी। बैठक में शुभ मुहूर्त का निर्धारण करने के साथ-साथ आगामी कावड़ यात्रा की रूपरेखा, तैयारियों, जिम्मेदारियों तथा विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।तुलसी फाउंडेशन ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, शिवभक्तों एवं धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव एवं सहयोग प्रदान करें तथा बैठक को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता निभाएँ उक्त आशय की जानकारी तुलसी फाउंडेशन कावड़ यात्रा के प्रवक्ता अनिल दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

शिशु को सास लेने में कठिनाई हो रही थी और हृदय गति भी सामान्य से कम थी...

जिला चिकित्सालय में 915 ग्राम के नवजात को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का सकारात्मक परिणाम जिला चिकित्सालय सागर में देखने को मिला। जिला चिकित्सालय की विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की सतत निगरानी, विशेषज्ञ उपचार और समर्पित सेवाओं से एक गंभीर नवजात शिशु को नया जीवन मिला। रहली विकासखंड के ग्राम पीराहार निवासी लीला बाई आदिवासी के नवजात शिशु को स्वस्थ होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

1 जून 2026 की रात्रि लगभग 11.30 बजे जन्म के बाद गंभीर स्थिति में नवजात को जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू में भर्ती कराया गया। शिशु को सांस लेने में अत्यधिक कठिनाई हो रही थी तथा हृदय गति भी सामान्य से कम थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसएनसीयू प्रभारी डॉ. सौरभ जोशी ने तत्काल बैग एंड मास्क वेंटिलेशन देकर शिशु की जान बचाई तथा उसे सी-पैप मशीन के माध्यम से श्वसन सहायता प्रदान की।

भर्ती के समय नवजात का वजन मात्र 915 ग्राम था। चिकित्सकीय टीम द्वारा लगातार निगरानी, आवश्यक उपचार और संक्रमण से बचाव के लिए दवाइयां दी गईं। उपचार के दौरान खून की कमी होने पर शिशु को रक्त भी चढ़ाया गया। लगभग 20 दिनों तक ट्यूब फीडिंग के माध्यम से पोषण दिया गया, जिसके बाद कटोरी-चम्मच से दूध पिलाना शुरू किया गया। साथ ही कंगारू मदर केयर के माध्यम से मां और शिशु के बीच त्वचा से त्वचा का संपर्क सुनिश्चित किया गया, जिससे शिशु के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हुआ।

चिकित्सकों द्वारा शिशु के वजन, श्वसन, हृदय गति एवं अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मानकों की नियमित निगरानी की जाती रही। उपचार का सकारात्मक परिणाम यह रहा कि 15 जुलाई 2026 तक शिशु का वजन बढ़कर 1.415 किलोग्राम हो गया। सभी आवश्यक जांचें सामान्य आने के बाद चिकित्सकों ने शिशु को स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया। जिसके लिए बच्चे के माता पिता ने डॉक्टरों सहित स्टाफ का धन्यवाद दिया।

कार्यालय नगर पालिक निगम सागर म.प्र.

क्र./नामा./रा.वि./न.नि./2026 -27 /29 **सूचना** सागर दिनांक 14/07/26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सीमा के अंतर्गत नीचे दिये गये भवनों/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन-पत्र प्राप्त हुये हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन से 30 दिवस के अंदर आयुक्त नगर पालिक निगम, सागर के नाम प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रकरण क्रमांक	वार्ड का नाम म.न./प्लाट	किस आधार पर	नाम बेचवार/वसीयतदाता/दानदाता/ वंशानुक्रम द्वारा	जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है
681 26/27	अम्बेडकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	विनायक डेवलपर्स द्वारा पार्ट. 1- कपिल पिता प्रकाशचंद्र साहू 2 -धर्मेंद्र पिता शिवनारायण मिश्रा 3- राहुल पिता कमलेश प्रसाद केशरवानी 4- संतोष पिता हीरालाल प्रजापति	विजय लक्ष्मी पति चंद्रकांत एवं सौरभ पिता चंद्रकांत पचौरी
682 26/27	सूबेदार	रजि. बैनामा शपथ पत्र	स्व. राजकुमारी पति महेंद्र कुमार जैन	महेंद्र कुमार पिता लालचंद एवं रोहित, राखी, रोशनी सभी पिता महेंद्र कुमार जैन
683 26/27	रविशंकर	रजि. बैनामा शपथ पत्र	मनीष कुमार पिता दुर्गा प्रसाद साहू	कविता पति कैलाश बडोनिया
684 26/27	तिली	रजि बैनामा शपथ पत्र	चंदना पति दीपेश अठिया	रितेश पिता मिट्ठू लाल साहू
685 26/27	पन्तनगर	रजि बैनामा शपथ पत्र	राजकुमारी पति दिलीप कोरी	शीलचंद्र पिता मुलायमचंद्र जैन
686 26/27	पन्तनगर	रजि बैनामा शपथ पत्र	सुमन पति प्रशांत सोनी	आशा पति अवधेश एवं उत्कर्ष पिता अवधेश श्रीवास्तव
687 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	अमन पिता प्रहलाद चौरसिया	अंजलि पति मुकेश चौरसिया
688 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	निधि पति सुनील जैन	लक्ष्मीबाई पति योगेश सरवैया
689 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	भूपेंद्र पिता बाल मुकुंद पटेल	मूरत सिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत
690 26/27	बाघराज	रजि बैनामा शपथ पत्र	पन्नालाल पिता कड़ोरीलाल पटेल	रणबहादुर पिता गुलाब सिंह राजपूत

आयुक्त , नगर पालिक निगम, सागर

वायरल वीडियो ने खोली पोल, स्टाम्प ड्यूटी में हेरफर की एसडीएम से शिकायतें

लूट सको तो लूट, जतारा रजिस्ट्री दफ्तर में सुविधाशुल्क का चल रहा खेल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले का जतारा उप पंजीयक कार्यालय एक बार फिर गंभीर आरोपों के चलते सुर्खियों में है। यहां पदस्थ महिला उप पंजीयक शबाना परवीन पर कथित रिश्वतखोरी, स्टाम्प ड्यूटी में मनमानी और किसानों को भयभीत कर अवैध वसूली करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निशांत नीरू साहू और उप पंजीयक शबाना के बीच तीखी बहस होती दिखाई दे रही है। वायरल वीडियो में उप पंजीयक से भाजपा नेता यह कहते हुये नजर आ रहे हैं कि, मैडम, आपके बारे में मेरे मन में बहुत अच्छी छवि थी, लेकिन आप गरीब किसानों के साथ ऐसा क्यों कर रही हैं, यह समझ से परे है। इसके बाद दोनों के बीच तीखी नोकझोंक होती है। वीडियो वायरल होने के बाद पूरे क्षेत्र में उप पंजीयक कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। निशांत साहू का आरोप है कि उनकी भूमि की रजिस्ट्री के दौरान उनसे 16 हजार रुपये सुविधाशुल्क लिया गया। उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

'मुख्य सड़क' बताकर बढ़ाई स्टांप ड्यूटी, फिर मांगे 16 हजार

निशांत साहू के अनुसार उनकी खरीदी गई भूमि मुख्य सड़क से लगभग 400 फीट अंदर स्थित है, फिर भी उप पंजीयक ने उसे मुख्य सड़क से लगी हुई भूमि मानते हुए अधिक स्टाम्प ड्यूटी लगाने की बात कही। उनका आरोप है कि बाद में कथित तौर पर कहा गया कि यदि 16 हजार रुपये सुविधाशुल्क दिए जाएं तो स्टाम्प ड्यूटी कम कराई जा सकती है और लगभग 40 से 45 हजार रुपये की बचत हो जाएगी। भाजपा नेता साहू का कहना है कि उन्होंने तो अबैध शुल्क देकर रजिस्ट्री करा ली लेकिन गरीबो को नहीं लुटने दिया जायेगा, जिसके बाद विवाद बढ़ गया।

'छोटी त्रुटि' का भी तय है कथित रेट, रिश्वत का पूरा चार्ट होने का आरोप

भाजपा नेता निशांत साहू का दावा है कि उप पंजीयक कार्यालय में दस्तावेजों की छोटी-छोटी त्रुटियों को नजरअंदाज करने के नाम पर कथित रूप से तय रकम वसूली जाती है। उनका आरोप है कि यदि आधार कार्ड और राजस्व रिकॉर्ड में नाम की वर्तनी या अन्य मामूली अंतर हो तो उसे अनदेखा करने के बदले 4 हजार रुपये तक लिए जाते हैं। इसके अलावा सामान्य रजिस्ट्री पर भी 2 हजार रुपये सुविधाशुल्क मांगने का आरोप लगाया गया है। निशांत का कहना है कि कार्यालय में कथित रूप से हर प्रकार की त्रुटि का अलग-अलग रेट तय है।

'हमने तो रजिस्ट्री तो करा ली, अब गरीब किसानों को दिलाना है न्याय

मुख्यमंत्री और कलेक्टर के नाम दिए गए ज्ञापन में भाजपा नेता निशांत साहू ने दावा किया है कि उन्होंने अपनी रजिस्ट्री तो पूरी करा ली, लेकिन अन्य किसानों और आम नागरिकों को कथित उत्पीड़न से बचाने के लिए यह मामला उठाया है। उनका आरोप है कि उप पंजीयक द्वारा किसानों और व्यापारियों को स्टाम्प ड्यूटी के नाम पर डराकर लाखों रुपये की वसूली की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जतारा उप पंजीयक कार्यालय की कार्यशैली से परेशान होकर प्रतिदिन 20 से 30 रजिस्ट्रियां जिला पंजीयक कार्यालय टीकमगढ़ भेजी जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। ज्ञापन में उप पंजीयक के खिलाफ निष्पक्ष जांच, दंडात्मक कार्रवाई और स्थानांतरण की मांग की गई है।

वीडियो वायरल होते ही रजिस्ट्री लेखकों पर फोड़ा ठीकरा

भाजपा नेता साहू का आरोप है कि वीडियो वायरल होने के बाद स्वयं को घिरता देख उप पंजीयक शबाना ने कथित रिश्वत प्रकरण का जिम्मा रजिस्ट्री लेखकों पर डालते हुए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब तलब करना शुरू कर दिया। वहीं रजिस्ट्री लेखकों ने भी जतारा एसडीएम को ज्ञापन देकर उप पंजीयक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले लगभग एक वर्ष से उप पंजीयक के कार्यकाल में रजिस्ट्री प्रक्रिया विवादों में रही है। रजिस्ट्री लेखकों का कहना है कि उन पर भी कथित रूप से दबाव बनाया जाता है कि क्रेता से निश्चित राशि ली जाए, अन्यथा अधिक स्टाम्प ड्यूटी लगाई जाएगी। उनका आरोप है कि इस व्यवस्था के कारण आम जनता की नजर में रजिस्ट्री लेखकों की छवि खराब हो रही है और कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

आरोप गलत है

ये आरोप निराधार हैं, हकीकत ये है कि सभी रजिस्ट्री लेखक टाइपिंग व अन्य कार्य में अयोग्य व अनुभवहीन है, रजिस्ट्री टाइप कराने के लिए अन्य कर्मचारी रखते हैं, जिनके खर्च के लिये वो स्वयं पैसे लेते हैं और आरोप हम पर लगा रहे हैं।

शबाना परवीन, उप पंजीयक

सीएम राइज स्कूल, वायरलेस कंट्रोल रूम का करेंगे उद्घाटन

आज आएंगे मुख्यमंत्री, विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत आधुनिक रेलवे स्टेशन का भी लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को टीकमगढ़ जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन, रेलवे विभाग और पुलिस प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री जिले को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात देंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवनिर्मित टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण करेंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन का व्यापक कायाकल्प किया गया है। स्टेशन भवन को लाल पत्थरों की आकर्षक शैली में विकसित किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, बेहतर प्रवेश द्वार, सुव्यवस्थित परिसर और अन्य आधुनिक सुविधाएं तैयार की गई हैं। लंबे समय से आधुनिक रेलवे स्टेशन की प्रतीक्षा कर रहे जिलेवासियों को अब यह सौगात मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री उत्सव भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले में निर्मित नए सीएम राइज स्कूलों एवं छात्रावासों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा पुलिस लाइन परिसर में बने अत्याधुनिक वायरलेस कंट्रोल रूम का भी उद्घाटन किया जाएगा, जिससे पुलिस संचार व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर रेलवे स्टेशन, उत्सव भवन, पुलिस लाइन और हेलीपैड सहित सभी कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा पुलिस लाइन से रेलवे स्टेशन और कलेक्ट्रेट मार्ग तक स्वागत द्वार, बैनर एवं पोस्टर लगाए गए हैं। जिला प्रशासन ने यातायात, पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल, बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है। मुख्यमंत्री के दौरे से एक दिन पहले सागर संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी, आईजी मिथलेश शुक्ला एवं डीआईजी विजय खत्री ने रेलवे स्टेशन, कार्यक्रम स्थल और हेलीपैड का संयुक्त निरीक्षण किया।

इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, पुलिस अधीक्षक तथा रेलवे एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, मंच, वीआईपी प्रोटोकॉल और कार्यक्रम संचालन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। पूर्व जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने भी रेलवे स्टेशन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल, मंच एवं वीआईपी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच पर कुर्सियों एवं टेबल की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों के स्वागत और कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह व्यवस्थित रहें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। वीआईपी कार्यक्रम को देखते हुए टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन को हाई सिक्योरिटी जोन घोषित किया गया है। सुरक्षा एजेंसियां लगातार स्टेशन परिसर की निगरानी कर रही हैं। बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) ने रेलवे स्टेशन, मंच, रेलवे ट्रैक एवं आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन सर्च अभियान चलाया। हेमंत त्रिपाठी के नेतृत्व में सुरक्षा दल ने प्रत्येक स्थान की बारीकी से जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के दौरे और प्रधानमंत्री द्वारा होने वाले वर्चुअल लोकार्पण को जिले के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेलवे स्टेशन के शुरू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं शिक्षा एवं पुलिस विभाग से जुड़ी नई परियोजनाएं भी जिले के विकास को नई गति देंगी। प्रशासन को उम्मीद है कि 17 जुलाई का यह दिन टीकमगढ़ के विकास के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा।

गुरु नानक संस्कार स्कूल के विद्यार्थियों ने लगाए पौधे

पर्यावरण संरक्षण सिर्फ अभियान नहीं आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्यः हरमिन्दर

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गुरु नानक संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 26वें स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्य दर्शन कौर ओबेरॉय ने कहा कि आज लगाया गया एक छोटा-सा पौधा भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर हमें शुद्ध हवा, ऑक्सीजन और घनी छांव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और लगातार कम होती हरियाली को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए और उन्हें संरक्षित भी करे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि जिस प्रकार वे अपने बच्चों की शिक्षा, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयास करते हैं, उसी प्रकार बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने घर, आंगन अथवा आसपास किसी उपयुक्त स्थान पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके पूर्ण विकसित वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल करें। इस अवसर पर गुरु हरिकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल की डायरेक्टर हरमिंदर कौर ओबेरॉय ने भी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित सुरक्षा और देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंतर्गत दोनों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर के साथ-साथ पुलिस लाइन परिसर में भी विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। विद्यार्थियों ने पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लेते हुए उन्हें नियमित रूप से सींचने और सुरक्षित रखने का भी वचन दिया। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर इंद्रपाल सिंह ओबेरॉय, सत्येंद्र कुमार यादव, माजिद खान, कुंदन सिंह सहित विद्यालय का समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना और हरित एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित करना रहा।

शुद्ध हवा, पर्यावरण हेतु वृक्षों का संरक्षण व रोपण अत्यंत आवश्यकःपूनम

टीकमगढ़। हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर अग्रवाल महिला महासभा की महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए स्थानीय ढोंगा स्थित पानी की टंकी के समीप वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की गई। अग्रवाल महिला महासभा की प्रदेश उपमंत्री पूनम अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटती हरियाली मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है। शुद्ध हवा और स्वच्छ पर्यावरण के लिए वृक्षों का संरक्षण एवं नए पौधों का रोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, पर्यावरण का संतुलन बनाए रखते हैं तथा अत्यधिक वर्षा के दौरान बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही वृक्षों से फल-फूल प्राप्त होते हैं और चारों ओर फैली हरियाली मन को सुकून प्रदान करती है। कार्यक्रम की संयोजक दिव्या अग्रवाल ने आह्वान किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ व शुभ अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं।

तालाब के पट्टे में खेल, मृत सदस्यों के नाम पर समिति!

राजस्व जमा न करने और बाहरी ठेकेदारों को अवैध सब-लीज देने के आरोप, जांच व पट्टा निरस्तीकरण की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जनपद पंचायत पलेरा अंतर्गत ग्राम बैण्डरी स्थित प्रसिद्ध अतरार तालाब के मत्स्य पट्टे के संचालन को लेकर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जनपद पंचायत पलेरा को शिकायती आवेदन सौंपकर बैजनाथ मत्स्योद्योग सहकारी समिति, नयागांव के अध्यक्ष भगवत रैकवार एवं सचिव भगवानदास रैकवार पर पद के दुरुपयोग, वित्तीय अनियमितता, शासकीय नियमों के उल्लंघन और राजस्व को नुकसान पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पलेरा जनपद सीईओ को की गईं शिकायत में पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर पट्टा निरस्त करने तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समिति का संचालन निर्धारित नियमों के विपरीत किया जा रहा है, जिससे न केवल शासन के राजस्व को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं के रोजगार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र में मत्स्य पट्टा व्यवस्था को लेकर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। शिकायत के अनुसार समिति में कुल 37 सदस्य दर्ज हैं, जिनमें से 6 सदस्यों की मृत्यु हो चुकी है। आरोप है कि इसके बावजूद न तो मृत सदस्यों के नाम हटाए गए और न ही इसकी जानकारी जनपद पंचायत को दी गई। साथ ही समिति की नियमित मासिक बैठकें भी आयोजित नहीं की जा रही हैं, जिससे सहकारी समिति के नियमों का उल्लंघन हो रहा है।शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि कलेक्टर कार्यालय द्वारा निर्धारित 2,556 रूपये की वार्षिक पट्टा राशि पिछले दो वर्षों से जमा नहीं की गई है। उनका कहना है कि इससे शासकीय राजस्व की हानि हुई है और इसकी जांच कर संबंधित पदाधिकारियों से राशि की वसूली की जानी चाहिए। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन की मंशा स्थानीय लोगों को मत्स्य पालन के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन समिति के पदाधिकारियों ने स्वयं मत्स्य पालन न कर तालाब को कथित रूप से बाहरी व्यक्तियों को ठेके पर दे दिया। शिकायत में दावा किया गया है कि तालाब को नरेंद्र रैकवार नौगांव को तीन वर्ष तथा ममता अहिरवार सैपुरा को दो वर्ष के लिए नोटरी स्टाम्प के माध्यम से ठेके पर दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने इस संबंध में दस्तावेज भी प्रस्तुत करने का दावा किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अतरार तालाब ग्राम पंचायत बैण्डरी में स्थित है, जहां रैकवार समाज की पर्याप्त आबादी है। इसके बावजूद तालाब का संचालन नयागांव की समिति द्वारा किया जा रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं ने इसे शासन की मंशा के विपरीत बताया है। आवेदन में समिति पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया गया है।शिकायतकर्ताओं का कहना है कि समिति में मनमाने ढंग से एक ही परिवार के लोगों को शामिल किया गया है। साथ ही पिछले पांच वर्षों से आय-व्यय का कोई सार्वजनिक लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया और मत्स्य आखेट से प्राप्त राशि के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती गई। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कलेक्टर कार्यालय टीकमगढ़ के 14 अगस्त 2018 के आदेश के तहत अतरार तालाब का पट्टा जुलाई 2018 से 30 जून 2028 तक 10 वर्षों के लिए सशर्त स्वीकृत किया गया था। उनका कहना है कि यदि पट्टे की शर्तों का उल्लंघन हुआ है तो इसकी विस्तृत जांच कर पट्टा निरस्त करने की अनुशंसा की जाए। ग्रामीणों ने सीईओ जनपद पंचायत पलेरा से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, शासकीय राजस्व की वसूली सुनिश्चित की जाए तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।

जीवन को नई दिशा देने का एकमात्र सशक्त माध्यम है शिक्षाः पाठक

पलेरा। विकासखंड पलेरा के नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास एवं नवाचार छात्रावास में विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन और शैक्षणिक विकास को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआरसीसी पुष्पेंद्र पाठक ने छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित कर उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने तथा जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति के जीवन को नई दिशा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय का सदुपयोग और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और लगन से ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। इस दौरान प्रधानमंत्री के अभियान एक पेड़ मां के नाम, के तहत छात्रावास में पौधारोपण किया गया।

सिंचाई समस्या समाधान के चलते धसान डायवर्सन योजना को लेकर पूर्व विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

केन-बेतवा पर्याप्त नहीं, धसान-जामनी लिंक योजना से मिलेगा लाभः केके

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

बुंदेलखंड के जल संकट और सिंचाई व्यवस्था को लेकर पूर्व विधायक के.के. श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को विस्तृत पत्र लिखकर धसान डायवर्सन ककरवाहा पिकअप योजना को शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि धसान नदी का पानी लिफ्ट एवं पाइपलाइन प्रणाली के माध्यम से जामनी नदी में डायवर्ट किया जाता है तो न केवल टीकमगढ़ जिले के जल संकट का स्थायी समाधान होगा, बल्कि हजारों किसानों की खेती को भी नया जीवन मिलेगा।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में पूर्व विधायक केके ने उल्लेख किया है कि टीकमगढ़ बुंदेलखंड का पिछड़ा जिला है, जहां भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है और पेयजल व सिंचाई की व्यवस्था मुख्य रूप से सतही जल स्रोतों पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि चंदेल शासकों ने लगभग 1200 वर्ष पूर्व वर्षा जल संरक्षण के उद्देश्य से करीब 1100 तालाबों का निर्माण कराया था, जिनमें से आज भी लगभग 486 तालाब अस्तित्व में हैं। यदि इन तालाबों को पुनः पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाए तो जिले की तस्वीर बदल सकती है। पूर्व विधायक केके ने पत्र में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा स्वीकृत बान सुजारा बांध परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना से जिले के एक हिस्से को पेयजल और सिंचाई का लाभ मिला है, लेकिन जिस टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के किसानों की भूमि परियोजना में गई, उन्हें अपेक्षित सिंचाई सुविधा नहीं मिल सकी। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनके लगातार प्रयासों से बान सुजारा समूह नलजल योजना के माध्यम से टीकमगढ़ विधानसभा के 165 गांवों तथा बल्देवगढ़ जनपद के 36 गांवों को पेयजल योजना की स्वीकृति मिली थी। पत्र में कहा गया है कि केन-बेतवा लिंक परियोजना देश की महत्वाकांक्षी और दूरदर्शी योजना है, लेकिन इसका लाभ टीकमगढ़ जिले के केवल सीमित हिस्से तक ही पहुंचेगा। ऐसे में जिले के शेष क्षेत्रों, विशेषकर टीकमगढ़, बड़ागांव और बल्देवगढ़ तहसीलों के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए धसान डायवर्सन योजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत किया जाना चाहिए। पूर्व विधायक ने सुझाव दिया है कि धसान नदी का पानी लिफ्ट एवं पाइपलाइन टर्बाइन मोटर पंप सिस्टम के माध्यम से जामनी नदी में पहुंचाया जाए। उनका दावा है कि इस परियोजना के लागू होने से क्षेत्र के कम से कम 80 बड़े और छोटे तालाबों को भरा जा सकेगा तथा 15 से 20 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी। इससे पेयजल संकट दूर होने के साथ-साथ कृषि उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि जिस प्रकार नर्मदा-क्षिप्रा लिंक परियोजना को महत्व दिया गया, उसी प्रकार धसान डायवर्सन ककरवाहा पिकअप परियोजना को भी शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए, ताकि बुंदेलखंड के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा मिल सके।

पूर्व विधायक ने पत्र में उन प्रमुख जलाशयों और तालाबों का भी उल्लेख किया है, जिन्हें इस योजना से लाभ मिलने की संभावना है। इनमें पपौरा, दरगुवां, लार, नारायणपुर, अहार, ग्वाल सागर (बल्देवगढ़), लड़वारी, अंतौरा, समर्रा, अजनौर, बगाज माता जलाशय, पठा, सुंदरपुर, सिंगोरा-मैरोली, महेन्द्र सागर, नगरा राजेन्द्र नगर, असरोन, बहादुरपुर, सुखासागर, लखेरी, प्रेमपुरा-स्याग, मामौन, मवई, कोरी दीप सागर, वृंदावन तालाब, महाराजपुर, हनुमान सागर, नागरगुड़ा, माड़मर तथा सिद्धधान सहित अनेक तालाब शामिल हैं। पत्र के अंत में पूर्व विधायक के.के. श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री से शीघ्र निर्णय लेकर योजना को मंजूरी देने का आग्रह करते हुए कहा है कि यह परियोजना केवल सिंचाई योजना नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के किसानों के भविष्य और जिले की जल सुरक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

90 फीसदी से अधिक काम पूरा, फिर भी अगले वर्ष का इंतजार

चकबमूलिया तक पहुंची सपनों की रेल, मंजिल फिर भी बनी दूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर से ग्वालियर तक छुक छुक कर चलने वाली नेरोगेज ट्रेन ब्रॉडगेज में बदलने की सौगात जिसका सपना श्योपुर वासी लम्बे समय से देख रहे थे वो सपना गुरुवार को तब पूरा होने के करीब दिखा जब चक बमूलिया गांव से आगे बर्धाबुजुर्ग गांव (श्योपुर रेलवे स्टेशन) तक बिछाने के लिए माल गाड़ी पटरियों को लेकर पहुंची। ग्वालियर से शुरू हुआ ट्रैक बनाने का अभियान श्योपुर के बिल्कुल नजदीक पहुंच जाने से श्योपुर वासियों की उम्मीद और बढ़ गई हैं। ज्ञात हो कि श्योपुर रेलवे स्टेशन

काम युद्ध स्तर पर लेकिन खुशखबर अगले साल

ग्वालियर से श्योपुर तक ब्रॉड गेज लाइन का काम युद्ध स्तर पर चलता दिख रहा है लेकिन इस ट्रेक पर ट्रेन को दौड़ते देखने के लिए फिलहाल इंतजार ही करना होगा। वैसे तो कि मार्च 2020 को इस ट्रैक (श्योपुर से ग्वालियर तक) पर चलने वाली नैरोगेज का संचालन कोरोना वायरस फैलने के कारण बंद कर दिया गया था। और बाद में अमानगेज परिवर्तन टेंडर प्रकर्या के तहत नेरोगेज की पटरियां उखाड़ने नई बिछाने का काम शुरू हो गया। तब से लेकन आज तक ट्रैक पर रेलगाड़ी नहीं चली अलबत्ता कैलारस से ग्वालियर तक मेमू ट्रेन चलाई जा रही है। रेलवे विभाग अगले वर्ष तक ही काम पूरा होने की बात बोल रहा है।

(बर्धाबुजुर्ग) चक बमूलिया से बमुश्किल 20 किलोमीटर दूर हैं। 6 साल बाद इस गांव में इंजन की आवाज को सुनकर ग्रामीण खासकर बच्चे घरों और गांव से दौड़े हुए पटरियों तक देखने पहुंच गए हालांकि पटरियां बर्धाबुजुर्ग में बन रहे श्योपुर स्टेशन के बिल्कुल नजदीक पहुंच चुकी है लेकिन अभी इस ट्रेक पर ट्रेन जल्द चालू होगी कहना जल्दबाजी होगा क्योंकि रेलवे विभाग ने प्रोजेक्ट के अनुसार इसे अगले वर्ष मार्च माह के अंत तक पूरा करने की बात कही है।

रेलवे की अहम परियोजना तय

8 साल बाद भी अधूरी श्योपुर ब्रॉडगेज लाइन

ग्वालियर-श्योपुर ब्रॉडगेज परियोजना 2018 में शुरू हुई थी, लेकिन बजट में देरी से यह काम मार्च 2020 के बाद ही धरातल पर उत्तर सकी। पहले लक्ष्य मार्च 2025 रखा था, जिसमें कार्य पूरा नहीं हो सका। बाद में रेलवे ने जून 2026 तक श्योपुर तक ब्रॉडगेज लाइन पूरी करने का दावा किया लेकिन वो दावा भी फुस साबित हुआ। अभी ग्वालियर से कैलारस तक मेमू ट्रेन चल रही है। कैलारस-सबलगढ़ तक निरीक्षण में ट्रेन चलाने के लिए हरि झंडी मिलने के बावजूद ट्रेन चलना शुरू नहीं हो सकी है। चक बमुलिया तक पटरियां बिछ जाने के बाद अब अगर सबकुछ ठीक रहा तो इस ट्रेक पर अगले साल मार्च के अंत तक श्योपुर से ग्वालियर ट्रेन दौड़ती दिखेगी।

समय पर पूरी न होने से यात्रियों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हम बात कर रहे हैं ग्वालियर-श्योपुर ब्रॉडगेज लाइन परियोजना की जो निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही हैं। इस काम को अमलीजामा पहनाने वाली कंपनी बार बार तारीख बढ़ाकर उम्मीद की रेल को लगातार नजदीक आने से रोक रही है। हालांकि इस बीच

बीरपुर तक ट्रेन चलाने को हरी झंडी

सबलगढ़-वीरपुर के बीच 27.4 किमी नव निर्मित ब्रॉड गेज लाइन का निरीक्षण कुछ माह पहले सफलता पूर्वक ट्राइल के साथ किया जा चुका हैं। तकनीकी अमले ने मेमू ट्रेन को श्योपुर जिले के बीरपुर स्टेशन तक चलाने के लिए हरी झंडी देदी है और सबलगढ वासी मेमू ट्रेन उनके स्टेशन तक चलाने के लिए बीते एक साल से मांग कर रहे हैं। ज्ञात हो की अभी ग्वालियर से केलारस तक मेमू ट्रेन चलाई जा रही है।

रेलवे विभाग ने श्योपुर जिले की सीमा बीरपुर से सबलगढ़ होते हुए कैलारस तक रेल का ट्राइल ने कुछ उम्मीद जरूर जगाई थी लेकिन यहां से मेमू ट्रेन नहीं चलाना विश्वास को जोरदार झटका जरूर है। और जिस तरह चक बमुलिया स्टेशन तक मालगाड़ी सामान लेकर पहुंची उससे इस क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल द्वारा यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल परिवहन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में यह सकारात्मक कदम है।

कांग्रेस बोली कूनो में गड़बड़ी रोके सरकार, अधिकारी कर रहे मनमानी

मिलीभगत से चीतों के नाम से कूनो नेशनल पार्क में हो रही गड़बड़ीः फौजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिन चीतों के कारण श्योपुर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है, उन्ही चीतों के नाम पर ही अफसर ठेकेदारों के साथ मिलकर गड़बड़ी कर रहे हैं। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जरूरत है हमने इसकी शिकायत ईओडब्लूयु से एजेंसी को कर दी है मांगे जाने पर एजेंसी को सबूत के साथ गड़बड़ी करने के प्रमाण भी उपलब्ध कराएंगे। यह बात कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी ने गुरुवार को पाली रोड स्थित एक होटल में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को बताया कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों को बकरा और भैंस का मास परोसे जाने में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। चुंकि मामला श्योपुर जिले के पर्यटन विकास से जुडा है इसलिए कांग्रेस की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार को उजागर करना थी इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी ने इसकी शिकायत आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में की है। हम जांच एजेंसी को भरस्टाचार के पुख्ता प्रमाण उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान पूर्व नपाध्यक्ष दौलतराम गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद चीनी कुरैशी, पार्षद सुमेर सिंह आदि मौजूद रहे।

चोरी की वारदात को लेकर देहात थाने के सामने किया था चक्काजाम

चक्काजाम करने के मामले में युकां जिलाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि समेत 30 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चोंडपुर गांव में हुई चोरी की वारदात को लेकर मंगलवार को देहात थाने के सामने चक्काजाम करने के मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने श्योपुर के युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा और श्योपुर कॉलेज में विधायक प्रतिनिधी अभिषेक मीणा समेत 25-30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि मंगलवार को देहात थाने शहर के पाली रोड पर जो चक्काजाम किया गया था, वो गैर कानूनी था, इस चक्काजाम से न केवल आमजन को परेशानी उठानी पडी,बल्कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का भी उल्लंघन हुआ। इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने कमल गुर्जर पुत्र बृजमोहन गुर्जर निवासी कलारना की शिकायत पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामभरत मीणा, महेन्द्र मीणा, अभिषेक मीणा समेत 25-30 अज्ञात लोगों के खिलाफ चक्काजाम करने की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उधर देहात थाना पुलिस के द्वारा भी चक्काजाम करने वाले लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी गई है।

आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम महत्वपूर्ण सभी इंडिगेटर्स में पूर्णता करेंः डॉ करूणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आंकाक्षी विकासखण्ड कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें विभिन्न बुनियादी सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, पेयजल आदि को शामिल करते हुए आम लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इसके लिए 38 इंडिगेटर बनाये गये है, जिनमें संबंधित विभाग शत प्रतिशत पूर्णता हासिल करें। यह निर्देश नीति आयोग भारत सरकार की ओर से श्योपुर के लिए नियुक्त सेंट्रल प्रभारी डॉ करूणा कुमारी ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आंकाक्षी विकासखण्ड अंतर्गत आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा, डीएफओ सामान्य केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, एसडीएम गगन सिंह मीणा, प्रभारी जिला योजना अधिकारी गिर्राज शर्मा, सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर, कराहल अभिषेक त्रिवेदी सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, पीएचई, कृषि, पशुपालन, एनआरएलएम के अधिकारी तथा विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद रहें।

डॉ करूणा कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, स्वसहायता समूह, ग्रामीण विकास विभाग, पीएमजीएसवाय आदि बेसिक इन्फ्रस्टेक्चर से संबंधित इंडिगेटर बनाये गये है, जिससे हम योजनाओं की प्रगति के बारे में जान सकते है तथा कमजोर क्षेत्र में पूरी क्षमता के साथ कार्य करने के लिए योजना बना सकते है, जिससे शासन की मंशानुरूप

ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पूर्ण रूप से लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग अपने-अपने इंडिगेटर को पूर्ण करने के लिए विकासखण्ड क्षेत्रो में कार्यरत एनजीओ से समन्वय कर उनकी सहायता प्राप्त कर सकते है, इसके अलावा सभी विभाग एकीकृत होकर कार्य करते हुए लोगों को सेवाएं और सुविधाएं प्रदान करने के इस कार्य में अपनी भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन के लिए गांव-गांव में कैम्प लगाकर स्क्रीनिंग की जायें तथा चिन्हित रोगियों को उपचार प्रदान किया जायें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं एवं अधोसंरचनात्मक विकास के लिए तीनों विकासखण्ड में कार्य किये जा रहे है, बीएसएनएल अंतर्गत पंचायतों को भारत नेट से जोडने की दिशा में भी कार्य योजना अनुसार कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी समूहों को रिवॉल्विंग फंड उपलब्ध कराया गया है तथा आंगनबाडी केन्द्रों में पेयजल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है।

एनीकट निर्माण के संबंध में जयपुर में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर एवं बड़ौदा जलप्रदाय योजना के अंतर्गत पार्वती नदी पर प्रस्तावित एनीकट निर्माण के संबंध में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह एवं परियोजना प्रबंधक एसके उपाध्याय ने जयपुर में राजस्थान वाटर ग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवि सोलंकी से चर्चा की। बैठक में पार्वती नदी पर प्रस्तावित एनीकट के निर्माण, राजस्थान क्षेत्र में आने वाले हिस्से तथा आवश्यक अनुमति के संबंध में सकारात्मक चर्चा हुई। इस दौरान राजस्थान सरकार द्वारा निर्मित रामगढ़ बैराज के लॉजिंग एप्रोच के रेफरेंस लेबल के आधार पर प्रस्तावित एनीकट के क्रेस्ट लेबल और इसकी ऊंचाई के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया, राजस्थान वाटर ग्रिड कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवि सोलंकी ने इस संबंध में सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया है।

सीएम हेल्पलाइन में सख्ती, वेतन राजसात करने के निर्देश

श्योपुर। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर सख्ती करते हुए संबंधितों के विरूद्ध वेतन राजसात करने के निर्देश दिये गये है। जिला पंचायत सभागार में आयोजित ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ जिपं सौम्या आनंद ने सीएम हेल्पलाइन में 80 प्रतिशत से कम निराकरण वाली सीएफटी के प्रभारी, एडीईओ एवं पीसीओ का एक-एक माह का वेतन राजसात करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही योजनाओं में कम प्रगति वाली सीएफटी के प्रभारियों के वेतन रोकने के संबंध में भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किये गये है। इस दौरान उन्होंने वीबी जीराम जी योजना अंतर्गत सीपरी एप पर 5 दिवस में कार्य योजना को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

भट्टी से तप रहे आषाढ़ में बूंदाबांदी ने और बढ़ाई गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इस समय आषाढ मास चल रहा है और मौसम पंडितों की माने तो आषाढ माह वर्षाकाल का शुरूआती महीना होता है। इस मास में वर्षा होना शुरू हो जाती है। इसी मास में किसान अच्छी बारिश की उम्मीद करते हैं लेकिन आषाढ मास सूखा निकलता दिखाई पड़ रहा है आधा मास गुजर जाने के बाद गुरुवार को कुछ उम्मीद तब जागी, जब आसमान से बूंदाबांदी हुई लेकिन इस बूंदाबांदी ने पड रही भीषण गर्मी को ठंडा करने के बजाय और गर्माने का काम किया।

गुरुवार के दोपहर 3:00 के करीब शुरू हुई बूंदाबांदी से ऐसा लगा जैसे पड रही भीषण गर्मी से राहत मिल जाएगी लेकिन यह उम्मीद लोगों की तब टूट गई जब दो पांच मिनट बूंदाबांदी होने के बाद बारिश बंद भी हो गई। इससे खेती किसानी के काम पर तो कोई फर्क नहीं पड़ा अलबत्ता पढ़ रही भीषण गर्मी और अधिक बढ़ गई। जमीन पर बूंदो के रूप हुई बारिश गर्म तवे पर छींटो की तरह पड़ी जिससे जमीन का तापमान और अधिक गर्म हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिलने के बजाय अधिक परेशानी हो गई गर्मी से बचने के लिए एसी कूलर की शरण में पहुंचने को मजबूर हो गए।

धान से टूट रही उम्मीद, मूंग पर भरोसा

आषाढ़ माह में होने वाली झमाझम बारिश धान के लिए वरदान साबित होती है। आसमान से बारिश के बरसे बिना धान की खेती फलीभूत नहीं हो सकती और आसमान से बारिश नहीं होने से धान की फसल पर संकट आन खड़ा हुआ है कई किसान समझदारी दिखाते हुए सिंचाई के अभाव में खराब हो रही धान की फसल को उलट रहे हैं और उसके स्थान पर अब मूंग की बुआई करने लगे हैं। किसानों ने बताया कि भले ही मूंग में धान के बराबर मुनाफा ना मिले लेकिन सिंचाई के अभाव में धान में जितना अधिक नुकसान होगा मूंग में उतना नहीं होगा। मूंग इस सीजन में किसानों के लिए धान के बाद सबसे लोकप्रिय फसल है।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तर्ज पर मानपुर और बागल्दा में निकली रथ यात्राएं

रथ पर सवार होकर निकले भगवान रघुनाथ और मां सीता, दर्शनों के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तर्ज पर श्योपुर जिले के मानपुर और बागल्दा में भी गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई। मानपुर के रघुनाथजी मंदिर से भगवान राम व जानकी की मूर्तियों को रखकर शाम 5 बजे शुरू हुई रथ यात्रा मुख्य बाजार होते हुए नरसिंह मंदिर पर पहुंची। भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर लोगों के द्वार पर दर्शन देने के लिए पहुंचे जहां भक्तों का दर्शनों के लिए तांता लगा रहा। वहीं बड़ौदा क्षेत्र के बागल्दा में भी रथ यात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान के दर्शनों के लिए श्रद्धालु मौजूद रहे।

उडीसा के पुरी में निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा की तर्ज पर श्योपुर के मानपुर में भी हर साल रथ यात्रा निकाली जाती है। गुरुवार की शाम को मानपुर कस्बे में रथ यात्रा निकाली गई। रघुनाथजी मंदिर से भगवान रघुनाथजी की मूर्ति को एक डोले में सजाकर रथ में रखा

रात को महाआरती के बाद हुई मंदिर में वापसी

गुरुवार की शाम रघुनाथजी मंदिर से भजन व धार्मिक संगीत के साथ शुरू हुई कलश यात्रा मुख्य बाजार होते हुए नरसिंह चैक पर पहुंची। नरसिंह चैक पर आरती हुई इसके बाद चनों का प्रसाद सभी श्रद्धालुओं को बांटा गया। इसके बाद रथयात्रा अगले पड़ाव पर रवाना हुई और खंडेलवाल चैक, कुशवाह मोहल्ला होते हुए वापस रघुनाथजी मंदिर पर पहुंची। रथयात्रा के स्वागत के लिए हर घर के सामने रंगोली सजाई गई। फूल बरसाकर किया स्वागत किया गया। शाम को मंदिर पर महाआरती के साथ भगवान फिर अपने आसन पर विराजे।

गया था। इसके बाद भगवान जगन्नाथ का यह रथ पूरे कस्बे में भ्रमण पर निकला। भगवान अपने हर भक्त के द्वार-द्वार पहुंचकर लोगों को दर्शन देने के लिए पहुंचे। भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा जहां से भी होकर निकली वहां लोगों ने पुष्प वर्षा कर भगवान को स्वागत किया गया। भगवान रघुनाथ जी की सवारी निकली तो चारों ओर जयकारे गूंज उठे। रघुनाथ मंदिर से भगवान रघुनाथ जी नगर भ्रमण पर अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए निकले। माताएं-बहनें एवं पुरुष जो कि सुबह से ही दर्शन के लिए इंतजार कर रहे थे। उन्होंने प्रसाद चढ़ा कर अपनी मनोकामनाएं उनके समक्ष रखीं। रथयात्रा का स्वागत करने के लिए घरों के आगे रंगोली बनाई गई।

24 को श्योपुर में निकालेंगे भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

शहर श्योपुर में 24 जुलाई को उडीसा की जगन्नाथपुरी की झलक दिखाई पडेगी। क्योंकि शहर श्योपुर में 24 जुलाई को उसी तरह भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जाएगी, जिस तरह की रथयात्रा जगन्नाथपुरी में निकाली जाती है। श्योपुर में पहली बार निकाली जाने वाली जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मत संघ इस्कॉन श्योपुर द्वारा किया जा रहा है। इस रथयात्रा की तैयारियां चल रही है। रथयात्रा के लिए उज्जैन से एक आकर्षक रथ मंगाया जा रहा है। यह रथ मुरैना जिले में पहुंच चुका है और फिर मुरैना और विजयपुर होते हुए यही रथ श्योपुर पहुंचेगा। इस रथ के आगे 50-50 फीट लंबे रस्से दोनो तरफ बंधे रहेगे। इन रस्सों के जरिए श्रद्धालु रथ को उसी तरह खींचकर ले जाएंगे,जिस तरह जगन्नाथपुरी में जगन्नाथ जी के रथ को श्रद्धालु खींचकर ले जाते है, 24 जुलाई को दोपहर 3 बजे यह रथयात्रा शहर के पाली रोड स्थित कॉलेज प्रांगण से शुरू होगी। भगवान जगन्नाथ ही यह रथयात्रा शहर के पाली रोड, खुलखुली माता मंदिर, बस स्टैंड,पटेल चैक, अशोक स्तंभ, गांधी पार्क होते हुए यह रथ यात्रा श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। रथ यात्रा का रास्ते में जगह जगह स्वागत भी किया जाएगा। श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में इस रथ यात्रा का महाआरती के साथ समापन किया जाएगा और रथ यात्रा के समापन उपरांत श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर महाप्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

सीमांकन के बाद जमीन जोतने गए दलित परिवार से मारपीट, 4 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रामगांवडी निवासी दलित परिवार के लोगों ने नामजद आरोपियों ने तब राय होकर मारपीट कर दी,जब दलित परिवार के लोग सीमांकन के बाद अपनी जमीन की जुताई करने के लिए पहुंचे थे। मारपीट करने के दौरान नामजद आरोपियों ने मोबाइल और ट्रैक्टर में भी तोडकर कर दी। पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

देहात थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम रामगांवडी निवासी मोतीलाल बैरवा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सीमांकन के बाद वह बुधवार को किशोरपुरा मौजा स्थित अपनी जमीन को जोतने के लिए खेत पर पहुंचा था, जहां जमीन पर कब्जा करने वाले नामजद आरोपियों ने हमे जमीन नहीं जोतने दी और गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान चार लोगो के चोट आई है। मारपीट के दौरान नामजद आरोपियों ने मोबाइल और ट्रैक्टर में भी पत्थर मारकर नुकसान कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मोतीलाल बैरवा की रिपोर्ट पर रशीद खान, याकूब खान, आमीन खान का लडका, रईस का लडका निवासीगण पीपल्दी के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 7 अगस्त को

क्विज प्रभारी एवं क्विज मास्टर नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के 9वीं से 12वीं कक्षा के अध्ययरत विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित तथा जागरूक करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तर पर 7 अगस्त को पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इसके लिए क्विज प्रभारी एवं क्विज मास्टर नियुक्त किये गये है।

अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि संबंधित स्कूल द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन ऑनलाईन माध्यम से किया जा सकता है। पंजीयन की अंतिम तिथि 25 जुलाई शाम 5.30 बजे तक निर्धारित की गई है। जिला स्तर पर प्रश्न उत्तर हल करने के बाद सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले की 06 टीमो को मल्टी मीडिया ऑडियो विजुवल चरण में भाग लेने का अवसर दिया जावेगा। इस राउण्ड में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्र होगी। जिला स्तर पर प्रतियोगिता 07 अगस्त 2026 को आयोजित की जायेगी। क्विज प्रतियोगिता के पश्चात विजेता टीमो को पुरूस्कार वितरण किया जावेगा। जिला स्तर पर प्रतियोगिता के संचालन के लिए जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से प्राचार्य नंदबिहारी शर्मा को क्विज प्रभारी तथा उच्च माध्यमिक शिक्षक सुशील कुमार दुबे को जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से क्विज मास्टर नियुक्त किया गया है

खबर संक्षेप

जुए के अड्डे पर छापामार कार्रवाई की

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने अंबेडकर भवन के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए मनीष रघुवंशी, सुरेन्द्र रघुवंशी, दिलीप रघुवंशी, मुनेश रघुवंशी, राहुल रघुवंशी और अन्नू जैन को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3600 नगदी बरामद किए है।

रोजगार मेला का आयोजन 24 को

अशोकनगर। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार एवं कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में प्रत्येक माह में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी अशोकनगर ने बताया कि सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग एवं कौशल विकास एवं रोजगार,उच्च शिक्षा विभाग/राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से जिला स्तर पर 24 जुलाई को शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में प्रातः 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें एक ही मंच पर रोजगार व स्वरोजगार के लिए बेरोजगार युवाओं को लाभान्वित किया जाता है।

आर्थिक सहायता के लिए चेक किया प्रदान

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह द्वारा बुधवार को आवेदक किसना अहिरवार निवासी पीलीघटा को उपचार हेतु रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से 6 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि आवेदक द्वारा 14 जुलाई को जनसुनवाई में इलाज हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने संबंधी आवेदन दिया गया था।

आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम आयोजित

अशोकनगर। आयुष्मान भारत उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के सयुंक्त संचालन में कक्षा 9 से 12 तक के शिक्षकों (महिला एवं पुरुष) के 3 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को उमंग हेल्थ कार्यक्रम के संबंध में किशोर उम्र के बच्चों मे आने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन के बारे में जागरूक किए जाने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ रजनी छारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद मोहन माथुर, शिक्षा विभाग से मधु शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी एवं एनिश जैन सहायक संचालक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर के रूप में हेमंत दुबे, रामबाबू कुशवाह,सलीम खान एवं आशा रघुवंशी, सीटीईडी से प्रेमदीप कुल श्रेस्ठ प्रोजेक्ट कोरिडेनेटर, परामर्शदाता उमंग स्वास्थ्य केंद्र शाढोरा, चँदेरी, मुंगावली एवं ईसागड़ से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 40 स्कूलों के 80 शिक्षक गण भी उपस्थित थे।

एक लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के समक्ष 14 जुलाई को जनसुनवाई में आवेदक चैन सिंह पुत्र मन्नू लाल चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर द्वारा आर्थिक सहायता राशि 1 लाख रुपए का भुगतान करने हेतु आवेदन दिया था। उक्त संबंध में मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना 2008 (ब) दुर्घटना से स्थाई अपंगता अन्तर्गत न्यायालय कलेक्टर जिला अशोकनगर द्वारा आवेदक के पुत्र अजय पुत्र चैन सिंह चिढार निवासी ग्राम हैदर तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर को आर्थिक सहायता राशि 1,00,000 स्वीकृत की गई है। वर्तमान में संबंधित मद में उपलब्ध राशि में से मानवीय संवेदना के आधार पर तत्कालिक तौर पर हितग्राही को राशि रुपये 50 हजार रुपए की सहायता उपलब्ध कराई गई।

दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा के साथ किया गया

जयकारों के बीच निकाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा, खींचा रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की दो दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव का शुभारंभ गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। सुबह से ही नई बस्ती स्थित हरे राम आश्रम मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, उनके भाई श्री बलभद्र (बलराम) एवं बहन सुभद्रा का अभिषेक और हवन-पूजन संपन्न हुआ।

धार्मिक अनुष्ठानों के बाद दोपहर 1 बजे भगवान की भव्य रथयात्रा प्रारंभ हुई। रथयात्रा नई बस्ती स्थित हरे राम आश्रम मंदिर से प्रारंभ हुई, जो नानक वार्ड, नई बस्ती, ओवर ब्रिज, कच्चा रोड और सर्वोदय चौक होते हुए रेलवे स्टेशन स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान के रथ को रस्सों से खींचते हुए चल रहे थे। जय जगन्नाथ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बालिकाओं के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही थी। वहीं युवा ढोल एवं डीजे पर भक्तिमय नृत्य करते हुए चल रहे थे। तोप से भगवान के रथ एवं श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जा रही थी। रथ यात्रा के दौरान महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।

भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और माता सुभद्रा को आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ में विराजमान किया गया था। रथ के आगे-पीछे श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए चल रहे थे। यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। लोगों ने भगवान की आरती उतारी, पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। रेलवे स्टेशन स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचने पर भगवान का विशेष पूजन एवं आरती की गई। यहीं भगवान का रात्रि विश्राम कराया गया। आयोजन समिति के अनुसार शुक्रवार शाम 4 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र एवं सुभद्रा की वापसी रथयात्रा हरे राम आश्रम मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ दो दिवसीय महोत्सव का समापन होगा। पूरे आयोजन में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा ने नगर को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया और पूरे मार्ग पर श्रद्धा, उत्साह एवं आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

प्रकरण के सभी आरोपी गिरफ्तार

रास्ते के विवाद में हुए सनसनीखेज हत्याकांड का अंतिम आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

थाना प्रभारी बहादुरपुर द्वारा ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर हुए सनसनीखेज हत्याकांड में फरार चल रहे अंतिम आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने प्रकरण के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित कर दी है। प्रकरण के मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर के विरुद्ध पूर्व में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (छै।) के अंतर्गत कार्यवाही की जा चुकी है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27 जून 2026 को थाना बहादुरपुर क्षेत्र के ग्राम पुरा मथाना में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद के दौरान बृजेश गुर्जर की हत्या कर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस बल को घटनास्थल रवाना किया तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। प्रकरण में फरियादी वीरन पुत्र इमरत सिंह गुर्जर, निवासी ग्राम पुरा मथाना की रिपोर्ट पर थाना बहादुरपुर में हत्या सहित अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस टीम गठित कर लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा आरोपी उक्त प्रकरण के मुख्य आरोपी शैतान सिंह गुर्जर सहित आरोपी रामक्रेश गुर्जर, जितेन्द्र गुर्जर, राजकुमार गुर्जर, लक्ष्मण उर्फ गोटीराम गुर्जर, फूल सिंह गुर्जर, श्यामसुंदर सिंह गुर्जर एवं यशपाल सिंह गुर्जर सभी निवासी ग्राम पुरा मथाना को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका था, जबकि प्रकरण का आरोपी रामस्वरूप पुत्र नारायण सिंह गुर्जर (46 वर्ष), निवासी ग्राम पुरा मथाना, थाना बहादुरपुर घटना दिनांक से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस गिरफ्तारी के साथ ही प्रकरण के सभी आरोपियों की गिरफ्तारी पूर्ण हो चुकी है। पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के चलते इस चर्चित हत्याकांड का खुलासा सुनिश्चित हुआ है।

वाट्सएप के माध्यम से आपत्तिजनक टिप्पणी प्रसारित करने के मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जैन धर्म के प्रमुख संत के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र और अशोभनीय लेख लिखने के मामले में एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मुनि निंदक समीर जैन (जिसने खुद वीडियो जारी कर सभी लेख लिखने की बात कबूल की है) और राहुल जैन को आज बुधवार को अशोकनगर कोर्ट ने वकीलों की तीखी जिरह के बाद अशोकनगर पुलिस की रिमांड पर सौंप दिया है।

पुलिस अब दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ करेगी ताकि इस पूरे षड़यंत्र की तह तक जाया जा सके कि उन्होंने ऐसा क्यों किया और इस पूरे विवाद के पीछे और कौन-कौन से चेहरे शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आगामी दिनों में रिमांड की अवधि बढ़ाने की मांग भी कर सकती है। हालांकि, इस पूरे मामले की मुख्य आरोपी डॉ. रेखा जैन अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर (फरार) हैं।

कोर्ट परिसर में भारी ड्रामा, 42 दिन बाद वकीलों के साथ पहुंचे थे सरेंडर करने

यह पूरा घटनाक्रम आज कोर्ट परिसर में बेहद नाटकीय रहा। पुलिस द्वारा इनाम घोषित किए जाने और कुर्की की कार्रवाई के बाद आरोपी पिछले 42 दिनों से लगातार फरार चल रहे थे। आज अचानक दोनों आरोपी स्वयं को बचाने के लिए इंदौर और सागर के दो नामी वकीलों को साथ लेकर गुपचुप तरीके से जमानत कराने अशोकनगर कोर्ट पहुंचे थे। तभी वादी पक्ष के सतर्क वकील चंद्र शेखर साहू ने बाहर से आए इन वकीलों को देखकर शंका जाहिर की। जब उन्होंने मामले का पता लगाया, तो दोनों आरोपी और उनके वकील सामने आ गए। इसकी भनक लगते ही तुरंत अशोकनगर पुलिस को सूचित किया गया।

एसपी का तुरंत एक्शन, कोर्ट परिसर में तैनात करने पड़े 9 थानेदार

जैसे ही यह खबर फैली, कोर्ट परिसर और आसपास का माहौल बेहद गरमा गया। अशोकनगर से सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोग अदालत के बाहर जमा हो गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे। स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तुरंत मोर्चा संभाला और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोर्ट परिसर में 9 थाना प्रभारियों को भारी पुलिस बल के साथ तैनात कर दिया। पुलिस ने कोर्ट से पूछताछ के लिए आरोपियों की रिमांड मांगी, जिस पर न्यायालय ने दोनों को 24 घंटे की पुलिस रिमांड पर भेज दिया।

वन स्टॉप सेंटर से दो लड़कियों को भगाकर ले जाने का प्रयास

दोनों ने पीएचई कार्यालय के पीछे घुसकर अपने आप को बचाया, पुलिस ने मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

स्थानीय वन स्टॉप सेंटर में रह रहीं दो लड़कियों को उनके मायके वालों ने अपने साथ भगाकर ले जाने का प्रयास किया। लेकिन यह लड़किया अपने परिवार वालों के न ही ससुराल वालों के साथ जाना चाहती थीं, जिसके बाद उन्होंने अपने आप को बचाने के लिए पीएचई कार्यालय की शरण ली। जिसके बाद वह कोतवाली थाने पहुंची और पुलिस ने 18 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

फरियादिया चांदनी पत्नि आमिर खान पुत्री नफीस खान उम्र 21 साल निवासी विजलाई थाना कचनार जिला अशोकनगर ने अपनी ताऊ की लड़की हिना पत्नि साहिवान खान पुत्री इब्राहिम खान उम्र 21 साल के साथ थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दिनांक 03/07/26 को मैं मेरी ताऊ की लड़की हिना खान के साथ घर से बिना बताये चली गयी थी जिसकी रिपोर्ट हमारे घर वालो ने कचनार थाने में की थी जिस पर कचनार थाने की पुलिस ने 7 जुलाई को हमें तलास कर लिया था। हम अपने माता पिता के घर नहीं जाना चाहते थे,इसलिये कचनार थाने की पुलिस ने हमें वन स्टोप सेंटर अशोकनगर में भर्ती करा दिया था तब से हम दोनो वन स्टोप सेंटर में ही थीं।

दोनों लड़कियों ने कहा न वह ससुराल जाना चाहती न मायके जाना चाहती हैं

दर्ज रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ लोग हाथ में डंडे लाठी एवं कुछ लोग सरिया लेकर खड़े थे जिन्होने हमें पकड लिया और हम दोनो की मारपीट की। जिससे हम दोनों को पीछे पीठ में मुंदी चोटे आयी व हिना को दाहिने पैर के घुटने में चोट आयी और सभी लोग कह रहे थे कि इन दोनो ने परिवार की इज्जत खराब कर दी है इन्हें जान से खत्म करना है। इसलिये इन दोनो को उठा कर ले चलो फिर वो लोग हमे जबरदस्ती खीच कर हमारी मर्जी के बिना बोलेरो गाडी में पटक कर ले जाने लगे। जिस पर से पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों पर मामला दर्ज किया है।

पुलिस ने इन आरोपियों पर किया मामला दर्ज

मंगलवार की शाम करीबन 07.00 बजे वन स्टोप सेंटर के बाहर मेरे पापा नफीस खान पुत्र अंजीज खान, मेरी मम्मी सुन्दर पत्नि नफीस हिना की मम्मी मुबीना पत्नि इब्राहिम खान, ताऊ इब्राहिम पुत्र मजीद खान, चाचा रहीस खान पुत्र हुसैन खान, चाचा अरमान पुत्र हलीम खान, भाई जमील पुत्र फरीद खान, गांव के बहीद पुत्र शहजाद खान, भाई रुस्तम पुत्र काले खान निवासीगण ग्राम बिजलाई आरिफ पुत्र मुबारिक खान निवासी मंदसौर मौल मामा आरिफ पुत्र शौकत खान निवासी बियानी थाना कचनार मामा फारुक पुत्र ग्यासुद्दीन खान बियानी थाना कचनार मामा शाहरुख पुत्र शौकत खान निवासी बियानी थाना कचनार मामा फहीम पुत्र ग्यासुद्दीन खान निवासी बियानी थाना कचनार, गांव के मामा समीर पुत्र आसिन खान निवासी विजलाई बडे पापा फरीद पुत्र हुसैन खान निवासी ग्राम बिजलाई, चाचा आमिर पुत्र शरीफ खान निवासी ग्राम बिजलाई एवं कुछ अन्य लोग है।

सड़क पर जाम लगाकर यातायात बाधित किया

इस घटना के बाद 20 से 25 लोगों द्वारा सड़क पर जाम लगाया गया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, आम जनों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस मार्ग से गुजर रहे लोगों ने उन्हें समझाईस भी दी लेकिन उन्होंने किसी की नहीं सुनी। मौके पर पुलिस के द्वारा उपस्थित लोगों को कई बार समझाइश देकर मार्ग खाली करने के लिए कहा गया, किन्तु उन्होंने तत्काल मार्ग खाली नहीं किया। इस कारण यातायात बाधित हुआ तथा सार्वजनिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। बाद में थाना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाकर सड़क खाली कराई गई तथा यातायात सामान्य कराया गया।

शहर में बढ़ता जा रहा आवारा कुत्तों का आतंक, हर दिन गायों पर हो रहे जानलेवा हमले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड बेसहारा गायों, बछड़ों और अन्य मवेशियों पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर रहे हैं। कई मामलों में घायल गायों की समय पर उपचार न मिलने से मौत भी हो रही है। इस स्थिति ने गौसेवकों और स्थानीय नागरिकों में गहरी चिंता पैदा कर दी है।

गौसेवक अभिषेक मोहरी का कहना है कि शहर के कई इलाकों में रात के समय आवारा कुत्तों के झुंड खुलेआम घूमते हैं और कमजोर, बीमार या घायल गायों को अपना निशाना बनाते हैं।

कई बार गायों के शरीर को बुरी तरह नोच दिया जाता है, जिससे उन्हें असहनीय पीड़ा झेलनी पड़ती है हर दिन 2,4 गायों खाने के मामले आ ही रहे है. ऐसा ही मामला हमारे ग्रुप राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद को मिल की नई मंडी के पास रात मे कुत्तो ने गौमाता को खा लिया जिससे उसका पैर और कान और पूछ तक खा गए थे ग्रुप द्वारा मोके पर जाकर उसको कोलुआ रोड दयोदय गौ शाला भिजवाया जहां उसका इलाज किया।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी सरोवर कॉलोनी निवासी उमा बाई यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुलदीप यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी अशोक साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गंधर्व, दिनेश, आनंद और अनिल कुशवाह ने पुराने प्रकरण में राजीनामा करने के लिए दबाव बनाया और धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी गजराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेपाल और रोहित यादव ने कुल्हाड़ी से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से नेपाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गजराम, सोनू, और मोहन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आमखेडा सूखा निवासी देवी सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लालाराम कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भतीजा निवासी रेखाबाई कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी उमरेश, ऊषाबाई और अवधारानी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बमनावर निवासी कृष्णा रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सूरज, अजय और राहुल रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सूरज रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौरव, विनोद और कृष्णाबाई रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सीहोर निवासी अमन जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवम, मुकेश, विजय, महेश, संजीव और रोहित जाटव ने उससे फरसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी नबाव सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वैभव सोनी और अमर सिंह आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरिया मल्हारगढ़ निवासी चन्द्रभान सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष और आकाश राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरखेडा भोगी निवासी राजपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ध्यानू, भाईलाल, सुनील और देवेन्द्र अहिरवार ने उससे मारपीट की और उसका मोबाइल तोड़ दिया।

महिला परिषद ने विद्यार्थियों के लिए शैक्षिणक सामग्री की प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद, राजुल संभाग (द्वितीय शाखा), अशोकनगर द्वारा ज्ञान का प्रकाश सब तक पहुँचे खास प्रोजेक्ट के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय, अशोकनगर में अध्ययनरत आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में परिषद की सदस्यों ने 25 विद्यार्थियों को पुस्तकें, नोटबुक,कलर, पेन-पेंसिल किट एवं अन्य आवश्यक अध्ययन सामग्री प्रदान की। सामग्री प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दिया। परिषद ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर परिषद की सचिव पल्लवी जैन ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा ही वह अमूल्य धन है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर, संस्कारी और सफल बनाती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिश्रम के साथ अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया तथा कहा कि शिक्षा के माध्यम से वे अपने माता-पिता, विद्यालय और समाज का नाम गौरवान्वित कर सकते हैं।

दो दिवसीय आपदा प्रबंधन और सिविल डिफेंस प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में जिला कमांडेंट होमगार्ड/ एसडीईआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में 13 एवं 14 जुलाई 2026 को दो दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं सिविल डिफेंस प्रशिक्षण-2026 का सफल आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार को आपदाओं के समय त्वरित एवं प्रभावी राहत, बचाव तथा प्राथमिक उपचार संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। प्रशिक्षण प्रभारी राघवेन्द्र शर्मा, जिला कमांडेंट, होमगार्ड/एसडीईआरएफ, द्वारा आपदा प्रबंधन की आवश्यकता, नागरिक सुरक्षा की भूमिका तथा विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी हेतु यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन आशीष ऋषिश्वर, प्लाटून कमांडर, होमगार्ड/एसडीईआरएफ द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को अग्निशमन, प्राथमिक उपचार, सीपीआर, सर्पदंश से बचाव, आग लगने की स्थिति में सुरक्षा उपाय, रेस्क्यू तकनीकों तथा आपदा के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों का व्यावहारिक प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में 40 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न बचाव तकनीकों का अभ्यास भी किया।

महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य मोना यादव ने प्रशिक्षण दल के इस प्रयास की सराहा करते हुये विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रशिक्षण दल एवं प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. दीक्षा भट्ट,सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मोनिका नामदेव ने भी महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। महाविद्यालय परिवार ने प्रशिक्षण दल का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जनजागरूकता एवं कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।